कार्यालयः उपाधीक्षक सदर अस्पताल, किशनगंज

पत्रांक...1563/

प्रेषक,

उपाधीक्षक,
सदर अस्पताल, किशनगंज।

सेवा में,

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, किशनगंज

किशनगंज,दिनांक...03/11/2023

विषय :- सरस्वती विद्या मंदिर,मोतीबाग टेउसा किशनगंज के हेल्थ सेनेटरी जॉच के संबंध में।

प्रसंग :- भवदीय पत्रांक–3006 दिनांक–28.10.2023 के कम में ।

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक–02.11.2023 के अपराह्न 01:00 बजे सरस्वती विद्या मंदिर,मोतीबाग टेउसा किशनगंज का निरीक्षण किया गया । जिसका प्रतिवेदन निम्नवत है ।

01– सरस्वती विद्या मंदिर एक प्लस टू विद्यालय है जो दो भागों में विभाजित है।

02– पश्चिमी भाग के तीनमंजिला भवन के भूतल में जूनियर सेक्सन (वर्ग नर्सरी से पॉच तक) संचालित है। प्रथम एवं द्वितीय तल में छात्रावास है जिसमें चौदह कमरा है जो हवादार एवं साफ सुथरे है। प्रत्येक कमरा का परिमाप लगभग **15X18** फीट है बेड के बीच का अन्तराल लगभग **2X2** फीट है। प्रत्येक कमरा में आठ बेड लगे हुए है । छात्रावास में कुल 125 छात्र रहते है।परिसर में रसोईधर, मेस एवं शौचालय है जो साफ सुथरी थीं ।

03– पुर्वी भाग के तीनमंजिला भवन में सिनियर सेक्सन (वर्ग छः से बारह तक) की शैक्षणिक व्यवस्था है । प्रत्येक तल में पीने के पानी के लिए आर0 ओ0 लगे हुए है एवं सभी तलो में शौचालय है जो साफ सुथरी थीं ।

04– विद्यालय में कुल 972 छात्र–छात्रा नामांकित है एवं 42 शिक्षक तथा 24 शिक्षकेतर कर्मचारी कार्यरत है ।

05– विद्यालय में कुल 30 शौचालय , लगभग 100 नल , 10 चापाकल , 05 आर0 ओ0 एवं 01 सेनेटरी पैड मशीन लगे हुए है ।

06– गदें पानी की निकासी नाला के द्वारा विद्यालय से बाहर विद्यालय की भूमि में की जाती है । ब्लीचिंग का छिड़काव भी नियमित रूप से किया जाता है ।

07– विद्यालय में समय–समय पर छात्र–छात्राओं का चिकित्सा जॉच किया जाता है।

इस प्रकार विद्यालय की स्वच्छता संतोषप्रद है ।

अतः इन्हे हेल्थ एवं सेनेटरी प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकता है ।

विश्वासभाजन

3/11/23

उपाधीक्षक,
सदर अस्पताल, किशनगंज।